# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024




## सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड

## कथारा क्षेत्र

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024

## विषय सूची


परिदृश्य ........ 2

तिथिवार गतिविधियों का सारांश ........ 2

दिवस 1: 24 अगस्त 2024 ........ 2

कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा: कथारा क्षेत्र में सतर्कता की दिशा ........ 2

दिवस 2: 26 अगस्त 2024 ........ 3

सतर्कता जागरूकता का विस्तार: विभागाध्यक्षों के साथ व्यापक बैठक ........ 3

दिवस 3: 27 अगस्त 2024 ........ 5

नैतिक मूल्यों का प्रसार: नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में जागरूकता सत्र ........ 5

दिवस 4: 28 अगस्त 2024 ........ 7

भ्रष्टाचार के खिलाफ लेखनी: राजेंद्र हाई स्कूल में निबंध प्रतियोगिता ........ 7

दिवस 5: 29 अगस्त 2024 ........ 8

खेल और सत्यनिष्ठा का संगम: राष्ट्रीय खेल दिवस और सतर्कता जागरूकता अभियान का भव्य आयोजन ........ 8

दिवस 6: 30 अगस्त 2024 ........ 10

सत्यनिष्ठा की दिशा में कदम: नेहरू स्मारक विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता ........ 10

निष्कर्ष ........ 11

अनुलग्नक 1: कार्य योजना ........ 12

अनुलग्नक 2: प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की नज़र से ........ 13

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024

## परिदृश्य

कथारा क्षेत्र में 16 अगस्त से 15 नवंबर 2024 तक चल रहे सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से भ्रष्टाचार के खिलाफ जन जागरूकता फैलाने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और नैतिकता के मूल्यों का व्यापक प्रसार करना है, ताकि लोग भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों को समझ सकें और इसके खिलाफ सक्रिय रूप से खड़े हो सकें। इस दिशा में, अब तक विद्यालयों एवं कॉलेजों में आयोजित कार्यक्रमों ने युवाओं और आम जन को नैतिकता और ईमानदारी के महत्व को समझने और उसे अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया है। आने वाले दिनों में वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, ग्राम सभा, खेल-कूद प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं का आयोजन, शिकायत निवारण शिविर और विद्यालयों एवं कॉलेजों में निबंध लेखन, वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिताएं, प्रश्नोत्तरी, रंगोली इत्यादि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों के माध्यम से न केवल छात्रों बल्कि समाज के सभी वर्गों में नैतिक मूल्यों की स्थापना की दिशा में सकारात्मक योगदान देने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान ने लोगों के बीच नैतिकता और ईमानदारी के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ उन्हें अपने दायित्वों के प्रति सचेत करने का कार्य किया है। सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के तहत हो रहे ये प्रयास न केवल भ्रष्टाचार के खिलाफ जनसाधारण को जागरूक कर रहे हैं बल्कि एक सशक्त और ईमानदार समाज की नींव रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## तिथिवार गतिविधियों का सारांश

### दिवस 1: 24 अगस्त 2024

#### कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा: कथारा क्षेत्र में सतर्कता की दिशा

**उद्देश्य:** कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक के साथ सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 की विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा।

**विवरण:** कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक के साथ सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 की कार्य योजना पर चर्चा की गई। इस बैठक में महाप्रबंधक ने सतर्कता अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। 26 अगस्त को सभी विभागाध्यक्षों के साथ विस्तृत बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस चर्चा में सतर्कता जागरूकता अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए आवश्यक रणनीतियों और गतिविधियों की योजना बनाई गई।

**परिणाम:** कार्य योजना तैयार हुई, जिसमें विभागाध्यक्षों की बैठक बुलाने का निर्णय हुआ।

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024

## दिवस 2: 26 अगस्त 2024

### सतर्कता जागरूकता का विस्तार: विभागाध्यक्षों के साथ व्यापक बैठक

**उद्देश्य:** सतर्कता जागरूकता अभियान के विभिन्न चरणों के अंतर्गत आयोजित कि जाने वाली कार्यों पर  चर्चा और गतिविधियों की योजना बनाना।

**विवरण**: कथारा क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्षों की बैठक में सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के विभिन्न चरणों पर चर्चा की गई। बैठक में स्कूलों और कॉलेजों में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर और अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। महाप्रबंधक ने सभी विभागाध्यक्षों को इस अभियान को सफल बनाने के लिए उचित दिशा-निर्देश दिए और उन पर कड़ी निगरानी रखने का आह्वान किया। इस बैठक ने अभियान के सभी चरणों को स्पष्ट रूप से निर्धारित किया और प्रत्येक विभागाध्यक्ष की भूमिका को स्पष्ट किया।

**परिणाम:** महाप्रबंधक, कथारा क्षेत्र के द्वारा सभी विभागाध्यक्षों को अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रेरित किया गया | विभागाध्यक्षों को उनकी जिम्मेदारियों का बोध हुआ और सतर्कता अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में एक ठोस योजना तैयार की गई।




*Figure 1: विभागाध्यक्षों के साथ व्यापक बैठक*

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024




*Figure 2: विभागाध्यक्षों के साथ व्यापक बैठक*




*Figure 3: विभागाध्यक्षों के साथ व्यापक बैठक*

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024

## दिवस 3: 27 अगस्त 2024

### नैतिक मूल्यों का प्रसार: नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में जागरूकता सत्र

**उद्देश्य:** छात्रों को ईमानदारी और नैतिकता के महत्व पर जागरूक करना।

**विवरण:** नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के तहत आयोजित एक महत्वपूर्ण सत्र में श्री चंदन कुमार, नोडल अधिकारी (सतर्कता जागरूकता अभियान) ने कक्षा 10वीं के 80 छात्रों को संबोधित किया। इस सत्र में उन्होंने छात्रों को सफलता के वास्तविक अर्थ और उसके आवश्यक घटकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि केवल ज्ञान और कौशल ही किसी व्यक्ति को सफलता की ओर अग्रसर नहीं करते, बल्कि चरित्र और नैतिकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्री कुमार ने समझाया कि ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और नैतिकता किसी भी समाज की नींव होते हैं, और इन मूल्यों पर आधारित समाज ही सशक्त और समृद्ध हो सकता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने जीवन में इन मूल्यों को आत्मसात करें और समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत रहें। सत्र के दौरान, छात्रों ने भी इस विषय पर अपनी जिज्ञासाओं को प्रकट किया और श्री कुमार ने उनके प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्हें जीवन में नैतिकता और ईमानदारी की महत्वता को समझाया। कार्यक्रम का समापन छात्रों के मन में नैतिकता और सत्यनिष्ठा के प्रति जागरूकता और उनके चरित्र निर्माण के लिए प्रेरणा जगाने के साथ हुआ।

**परिणाम:** छात्रों ने नैतिक मूल्यों और सत्यनिष्ठा को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।




*Figure 4: नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में जागरूकता सत्र*




*Figure 5: नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में जागरूकता सत्र*



*Figure 6: नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में जागरूकता सत्र*

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024

## दिवस 4: 28 अगस्त 2024

### भ्रष्टाचार के खिलाफ लेखनी: राजेंद्र हाई स्कूल में निबंध प्रतियोगिता

**उद्देश्य:** छात्रों के बीच भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता फैलाना और ईमानदारी के मूल्यों को प्रोत्साहित करना।

**विवरण:** राजेंद्र हाई स्कूल में सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के तहत एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को भ्रष्टाचार के मुद्दों पर सोचने और उनके विचारों को प्रकट करने का मंच प्रदान करना था। निबंध लेखन के लिए तीन विषय दिए गए थे: "भ्रष्टाचार: हमारे समाज की सबसे बड़ी चुनौती", "ईमानदारी: व्यक्तित्व की सबसे बड़ी संपत्ति", और "युवा पीढ़ी का भ्रष्टाचार के खिलाफ योगदान"। प्रतियोगिता में कुल 120 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से कई ने गहन और विचारशील निबंध प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान, छात्रों को सतर्कता जागरूकता अभियान के महत्व और उद्देश्य के बारे में भी जानकारी दी गई।

**परिणाम:** छात्रों को भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उनके विचारों को प्रकट करने का अवसर देना। छात्रों ने भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता बढ़ाने और ईमानदारी को जीवन का हिस्सा बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता दिखाई।



*Figure 7: राजेंद्र हाई स्कूल में निबंध प्रतियोगिता*



*Figure 8: राजेंद्र हाई स्कूल में निबंध प्रतियोगिता*



*Figure 9: राजेंद्र हाई स्कूल में निबंध प्रतियोगिता*

## दिवस 5: 29 अगस्त 2024

### खेल और सत्यनिष्ठा का संगम: राष्ट्रीय खेल दिवस और सतर्कता जागरूकता अभियान का भव्य आयोजन

**उद्देश्य:** राष्ट्रीय खेल दिवस के साथ सतर्कता जागरूकता अभियान का संयोजन और छात्रों को प्रेरित करना।

**विवरण:** राष्ट्रीय खेल दिवस और सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के तहत, केबी कॉलेज, बेरमो में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में नैतिकता और सत्यनिष्ठा के महत्व को उजागर करना था। मेजर ध्यानचंद्र की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में, छात्रों ने

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024

सतर्कता जागरूकता मार्च में भाग लिया और सतर्कता से संबंधित संदेशों का प्रसार किया। इसके साथ ही, छात्रों को सतर्कता और ईमानदारी के महत्व पर विचार करने के लिए प्रेरित किया गया।

**परिणाम:** छात्रों ने ईमानदारी और नैतिक मूल्यों के महत्व को समझा और इसे अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।




*Figure 10: राष्ट्रीय खेल दिवस और सतर्कता जागरूकता अभियान का आयोजन*




*Figure 11: : राष्ट्रीय खेल दिवस और सतर्कता जागरूकता अभियान का भव्य आयोजन*

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024




*Figure 12: राष्ट्रीय खेल दिवस और सतर्कता जागरूकता अभियान का आयोजन*

## दिवस 6: 30 अगस्त 2024

### सत्यनिष्ठा की दिशा में कदम: नेहरू स्मारक विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता

**उद्देश्य:** छात्रों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक करना और उनके लेखन कौशल को प्रोत्साहित करना।

**विवरण:** नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय, स्वांग में सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता से पहले, 27 अगस्त 2024 को विद्यालय का दौरा कर, छात्रों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई थी, जिसमें प्रभावी लेखन कौशल और सतर्कता जागरूकता पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया था। इसके बाद, "भ्रष्टाचार: हमारे समाज की सबसे बड़ी चुनौती" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 52 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें चार हाउस के छात्र-छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

**परिणाम:** प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों ने भ्रष्टाचार के विभिन्न पहलुओं पर विचार किया और उनके विचारों को प्रस्तुत किया, जिससे उनकी जागरूकता और लेखन कौशल में सुधार हुआ।

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024




*Figure 13: नेहरू स्मारक विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता*



*Figure 14: नेहरू स्मारक विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता*

## निष्कर्ष

कथारा क्षेत्र में सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 ने भ्रष्टाचार और नैतिकता के मुद्दों पर गहन चर्चा और व्यापक जागरूकता पैदा की। अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों ने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर युवाओं, को नैतिकता, ईमानदारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा होने के लिए प्रेरित किया। इन गतिविधियों ने न केवल शिक्षण संस्थानों में जागरूकता को बढ़ाया बल्कि सामुदायिक भागीदारी को भी प्रोत्साहित किया। अभियान के दौरान आयोजित कार्यक्रमों ने सतर्कता के महत्व को समाज में स्पष्ट किया, जिससे छात्रों और समुदाय के अन्य सदस्यों के बीच जागरूकता बढ़ी और उन्हें नैतिकता के महत्व को समझने का अवसर मिला। इस अभियान ने एक सशक्त और नैतिक समाज की नींव रखने का प्रयास किया, जो वर्तमान और भविष्य दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। आगे के अभियानों में इस प्रकार की गतिविधियों को और भी अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किया जा सकता है, ताकि समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए एक ठोस और स्थायी प्रयास किया जा सके।

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024

अनुलग्नक 1: कार्य योजना

## सतर्कता जागरूकता अभियान 2024

**कार्य योजना : (24 अगस्त 2024 - 31 अगस्त 2024)**

| दिनांक | गतिविधि का विवरण |
|---|---|
| 24 अगस्त 2024 | सतर्कता जागरूकता अभियान के दौरान अपनाए जाने वाले कार्य योजना पर कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक के साथ चर्चा |
| 25 अगस्त 2024 | रविवार |
| 26 अगस्त 2024 | कथारा क्षेत्र में सतर्कता जागरूकता अभियान पर विभागाध्यक्षों की बैठक |
| 27 अगस्त 2024 | स्वांग के नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में छात्रों के बीच सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 पर चर्चा |
| 28 अगस्त 2024 | कथारा क्षेत्र के राजेंद्र हाई स्कूल में निबंध प्रतियोगिता |
| 29 अगस्त 2024 | केबी कॉलेज, बेरमो में राष्ट्रीय खेल दिवस और सतर्कता जागरूकता का कार्यक्रम |
| 30 अगस्त 2024 | नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता |
| 31 अगस्त 2024 | रिपोर्ट तैयार करना एवं आगामी सप्ताह में प्रस्तावित गतिविधियों की तैयारी |

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024

## अनुलग्नक 2: प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की नज़र से

- सतर्कता जागरूकता का विस्तार: विभागाध्यक्षों के साथ व्यापक बैठक
  - https://live11news.co.in/2024/08/26/कथारा-ccl-क्षेत्र-में-सतर्कत/
  - https://www.current-khabar.com/2024/08/blog-post_33.html
  - https://jagatprahari.com/meeting-in-general-managers-office-regarding-vigilance-awareness-campaign/



### सीसीएल की ओर से चलेगा जागरूकता अभियान

संवाद सहयोगी, जागरण● कथारा : सीसीएल कथारा क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्षों की बैठक सोमवार को कथारा महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में की गई। बैठक की अध्यक्षता कथारा महाप्रबंधक संजय कुमार ने की। बैठक में 16 अगस्त से 15 नवंबर तक चलने वाले तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत होने वाली गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई। इसे लेकर अभियान चलाकर कर्मियों एवं आम जनता में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और नैतिकता के मूल्यों का प्रसार किया जाएगा। अभियान के नोडल अधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि तीन महीने के अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जिनमें पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, क्विज और खेल प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इसके अलावा पौधारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, ग्राम सभा, नुक्कड़ नाटक, क्षमता निर्माण कार्यक्रम होगा। महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करना नहीं बल्कि ऐसे समाज का निर्माण करना है जहां सत्य और ईमानदारी के सिद्धांतों का पालन हो। महाप्रबंधक ने विभागों में गतिविधियों का समुचित आयोजन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जयंत कुमार, सीबी तिवारी, अर्जुन प्रसाद, विजय कुमार, संजय सिंह, सुनील कुमार गुप्ता आदि ने भाग लिया।

जागरूकता अभियान पर कथारा महाप्रबंधक कार्यालय मे बैठक आयोजित • जागरण

*Figure 15: विभागाध्यक्षों के साथ व्यापक बैठक*



### 3 माह तक चलेगा सतर्कता जागरुकता अभियान

कथारा (बोकारो)। सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने कार्यालय सभागार में सोमवार को सभी विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की. बैठक में 15 नवंबर तक क्षेत्र में तीन महीने तक चलने वाले सतर्कता जागरुकता अभियान पर विचार-विमर्श किया गया. जीएम ने विभागाध्यक्षों के साथ अभियान के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की. अभियान के नोडल अधिकारी चंदन कुमार ने गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. चंदन कुमार ने बताया कि अभियान के तहत स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, क्विज व खेल प्रतियोगिताएं होंगी. इसके अलावा पौधरोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, ग्राम सभा, नुक्कड़ नाटक व क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे.

*Figure 16: विभागाध्यक्षों के साथ व्यापक बैठक*

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024

## कथारा क्षेत्र में सतर्कता जागरूकता अभियान पर बैठक आयोजित



*

br>बेरमो/ कथारा क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक 26 अगस्त 2024 को कथारा क्षेत्र के कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री संजय कुमार ने की। इस बैठक में श्री जयंत कुमार, स्टाफ ऑफिसर (कार्मिक एवं प्रशासन), श्री सी. बी. तिवारी, स्टाफ ऑफिसर (सुरक्षा एवं बचाव), श्री जी. नाथ, स्टाफ ऑफिसर (सामग्री प्रबंधन), श्री अर्जुन प्रसाद, स्टाफ ऑफिसर (योजना एवं उत्पादन), श्री विजय कुमार, श्री संजय सिंह, श्री सुनील कुमार गुप्ता, श्री श्याम सुंदर पाल, और अन्य विभागाध्यक्षों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य 16 अगस्त 2024 से 15 नवंबर 2024 तक चलने वाले तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करना था। इस अभियान का उद्देश्य कर्मियों एवं आम जनता में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और नैतिकता के मूल्यों का प्रसार करना है। अभियान के नोडल अधिकारी श्री चंदन कुमार ने बैठक में अभियान के विभिन्न चरणों और उनके अंतर्गत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री संजय कुमार ने कहा, "सतर्कता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के साथ-साथ आम जनता में सत्यनिष्ठा और नैतिकता के महत्व को समझाना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। हमारा लक्ष्य केवल भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करना नहीं है, बल्कि एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जहां सत्य और ईमानदारी के सिद्धांतों का पालन हो। हमें गर्व है कि कथारा क्षेत्र इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहा है, और हम अपने कर्मचारियों के साथ-साथ समुदाय के सदस्यों को भी इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे।" बैठक में उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई और आश्वासन दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करेंगे। बैठक का समापन अभियान के सफल क्रियान्वयन के संकल्प के साथ किया गया।






*Figure 17: विभागाध्यक्षों के साथ व्यापक बैठक*

## Meeting held on vigilance awareness campaign in Kathara area

DN ■ Bermo



An important meeting of all the department heads of Kathara area was held in the conference room of Kathara area on Monday. The meeting was chaired by Sanjay Kumar, General Manager of Kathara area. Jayant Kumar, Staff Officer (Personnel and Administration), C.B. Tiwari, Staff Officer (Safety and Rescue), G. Nath, Staff Officer (Material Management), Arjun Prasad, Staff Officer (Planning and Production), Vijay Kumar, Rajiv Ranjan, Sanjay Singh, Sunil Kumar Gupta, Shyam Sundar Pal, and other department heads attended the meeting. The main objective of the meeting is to spread the values of integrity, honesty and ethics among the personnel and the general public under the three-month vigilance awareness campaign running from August 16 to November 15. Campaign nodal officer Chandan Kumar told in the meeting that various programs will be organized during this three-month campaign, which include poster making, essay writing, slogan writing, quiz and sports competitions among school and college students. Apart from this, tree plantation drives, blood donation camps, health camps, Gram Sabhas, street plays, and capacity building programmes will also be organised. Speaking on the occasion, General Manager Sanjay Kumar said, the main objective of the vigilance.

*Figure 18: विभागाध्यक्षों के साथ व्यापक बैठक*

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024

## सतर्कता जागरूकता अभियान पर बैठक का आयोजन



कथारा। सीसीएल कथारा क्षेत्र में सतर्कता जागरुकता अभियान को लेकर कथारा महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार भवन में 26 अगस्त 2024 को कथारा क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने की। उक्त बैठक में जयंत कुमार, स्टाफ ऑफिसर (कार्मिक एवं प्रशासन), सी. बी. तिवारी, स्टाफ ऑफिसर (सुरक्षा एवं बचाव), जी. नाथ, स्टाफ ऑफिसर (सामग्री प्रबंधन),अर्जुन प्रसाद, स्टाफ ऑफिसर (योजना एवं उत्पादन), विजय कुमार, संजय सिंह, सुनील कुमार गुप्ता, श्याम सुंदर पाल के अलावे अन्य विभागाध्यक्षों ने बैठक में भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 16 अगस्त 2024 से 15 नवंबर 2024 तक चलने वाले तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करना था। इस अभियान का उद्देश्य कर्मियों एवं आम जनता में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और नैतिकता के मूल्यों का प्रसार करना बताया गया । अभियान के नोडल अधिकारी चंदन कुमार ने बैठक में अभियान के विभिन्न चरणों और उनके अंतर्गत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि इस तीन महीने के अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्कूली और कॉलेज के छात्रों के बीच पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, क्विज और खेल प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इसके अलावा, वृक्षारोपण अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, ग्राम सभा, नुक्कड़ नाटक, और क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इन सभी गतिविधियों का उद्देश्य कर्मियों और समुदाय में नैतिकता और सत्यनिष्ठा की भावना को बढ़ावा देना है। उक्त अवसर पर महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि सतर्कता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के साथ–साथ आम जनता में सत्यनिष्ठा और नैतिकता के महत्व को समझाना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। हमारा लक्ष्य केवल भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करना नहीं है, बल्कि एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जहां सत्य और ईमानदारी के सिद्धांतों का पालन हो। हमें गर्व है कि कथारा क्षेत्र इस अभियान में सक्रिय भूमिक रहा है, और हम अपने कर्मचारियों के साथ–साथ समुदाय के सदस्यों को भी इस अभियान 8 लेने के लिए प्रेरित करेंगे। कुमार ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे अपने–अपने क्षे इन गतिविधियों का समुचित आयोजन सुनिश्चित करें और इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल कर्मचारियों में नैतिकता का विकास करेंगे, बल्कि पूरे समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेंगे। बैठक में उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई और आश्वासन दिया कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में इन गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करेंगे। बैठक का समापन अभियान के सफल क्रियान्वयन के संकल्प के साथ किया गया।

*Figure 19: विभागाध्यक्षों के साथ व्यापक बैठक*

## सतर्कता जागरूकता अभियान की तैयारी को लेकर बैठक

P-no=6



बैठक में उपस्थित कथारा एरिया जीएम व अन्य अधिकारी.

**कथारा.** कथारा क्षेत्र जीएम कार्यालय के सभागार में सोमवार को जीएम संजय कुमार की अध्यक्षता में सतर्कता जागरूकता अभियान को लेकर बैठक हुई. इसमें क्षेत्र के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित हुए. 16 अगस्त से 15 नवंबर तक चलने वाले तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान की रूपरेखा तैयार की गयी. अभियान के नोडल अधिकारी चंदन कुमार ने कार्यक्रम की जानकारी दी. जीएम ने सभी अधिकारियों को अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया. मौके पर क्षेत्र के एसओपी जयंत कुमार, एसओ पीएंडपी अर्जुन प्रसाद, एसओ सेफ्टी सीबी तिवारी, एसओ सिविल संजय कुमार सिंह, एसओ एमएम जी नाथ, एसओ इन्वायरमेंट एसएस पाल, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता, विजय कुमार आदि उपस्थित थे.

*Figure 20: विभागाध्यक्षों के साथ व्यापक बैठक*

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024



## कथारा क्षेत्र में सतर्कता जागरूकता अभियान पर बैठक आयोजित

दबंग हिन्द, संवाददाता

बेरमो। कथारा क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को कथारा क्षेत्र के कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने की। इस बैठक में जयंत कुमार, स्टाफ ऑफिसर (कार्मिक एवं प्रशासन), सी. बी. तिवारी, स्टाफ ऑफिसर (सुरक्षा एवं बचाव), जी. नाथ, स्टाफ ऑफिसर (सामग्री प्रबंधन), अर्जुन प्रसाद, स्टाफ ऑफिसर (योजना एवं उत्पादन), विजय कुमार, राजीव रंजन, संजय सिंह, सुनील कुमार गुप्ता, श्याम सुंदर पाल, और अन्य विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 16 अगस्त से 15 नवंबर तक चलने वाले तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत कर्मियों एवं आम जनता में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और नैतिकता के मूल्यों का प्रसार करना है। अभियान के नोडल अधिकारी चंदन कुमार ने बैठक में बताया कि इस तीन महीने के अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्कूली और कॉलेज के छात्रों के बीच पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, क्विज और खेल प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इसके अलावा, वृक्षारोपण अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, ग्राम सभा, नुक्कड़ नाटक, और क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा, सतर्कता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के साथ-साथ आम जनता में सत्यनिष्ठा और नैतिकता के महत्व को समझाना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। हमारा लक्ष्य केवल भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करना नहीं है, बल्कि एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जहां सत्य और ईमानदारी के सिद्धांतों का पालन हो। बैठक में उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

*Figure 21: विभागाध्यक्षों के साथ व्यापक बैठक*

- ➢ नैतिक मूल्यों का प्रसार: नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में जागरूकता सत्र
  - ❖ https://jagatprahari.com/todays-youth-is-the-future-of-tomorrows-country-chandan-kumar/
  - ❖ https://jharkhandnewslive.in/नेहरू-स्मारक-उच्च-विद्या/
  - ❖ https://www.current-khabar.com/2024/08/2024.html



## नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय, स्वांग में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

दबंग हिंद संवाददाता

गोमियो। गोमिया नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय, स्वांग में मंगलवार को सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत केंद्रीय कोलफील्ड्स लिमिटेड के कथारा क्षेत्र द्वारा यह अभियान सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार के मार्गदर्शन एवं संजय कुमार, महाप्रबंधक, कथारा क्षेत्र के निर्देश से संचालित हो रहा है। इस अवसर पर कक्षा 10वीं के छात्रों को सतर्कता और नैतिक मूल्यों की महत्ता पर जागरूक किया गया इस अवसर पर कथारा क्षेत्र के नोडल अधिकारी चंदन कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ₹आज के समय में नैतिकता और सतर्कता का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। एक सफल जीवन के लिए केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि सच्चाई, ईमानदारी और नैतिकता का पालन करना भी अत्यंत आवश्यक है। आज का युवा ही कल के देश का भविष्य है।

*Figure 22: नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में जागरूकता सत्र*



## कथारा में छात्र-छात्राओं को पढ़ाया गया सच्चाई व ईमानदारी का पाठ

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी.

**कथारा.** सीसीएल कथारा क्षेत्रीय प्रबंधन की ओर से नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय, स्वांग में मंगलवार को सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. अभियान के नोडल अधिकारी सीएसआर के उप प्रबंधक चंदन कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सफल जीवन के लिए केवल पढ़ाई नहीं, बल्कि सच्चाई, ईमानदारी और नैतिकता का पालन करना आवश्यक है. हमेशा सत्य और ईमानदारी के मार्ग पर चले और अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें. प्रधानाध्यापिका तारामणि कच्छप ने नैतिकता पर बल दिया. मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

*Figure 23: नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में जागरूकता सत्र*



## Vigilance awareness program organized at Nehru Memorial High School, Swang

DN ■ Bermo

Gomia Nehru Memorial High School, Swang organized a vigilance awareness program under Vigilance Awareness Campaign 2024 on Tuesday by Kathara Area of ??Central Coalfields Limited under the guidance of CCL Chief Vigilance Officer Pankaj Kumar and under the direction of Sanjay Kumar, General Manager, Kathara Area. On this occasion, students of class 10th were made aware of the importance of vigilance and ethical values. On this occasion, Chandan Kumar, Nodal Officer of Kathara Area, while addressing the students said, "In today's time, ethics and vigilance have great importance in our life. Not only studies, but also following truth, honesty and ethics is very important for a successful life. Today's youth is the future of tomorrow's country. Principal of the school, Taramani Kachhap said, "This campaign started by CCL and Kathara Area is really praiseworthy. During the program, students also expressed their opinions and shared their views on the importance of vigilance awa

*Figure 24: नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में जागरूकता सत्र*

- भ्रष्टाचार के खिलाफ लेखनी: राजेंद्र हाई स्कूल में निबंध प्रतियोगिता
  - https://jagatprahari.com/essay-competition-organized-under-vigilance-awareness-in-rajendra-high-school/
  - https://zordarsamachar.in/archives/18369
  - https://live11news.co.in/2024/08/28/कथारा-क्षेत्र-के-राजेंद्/
  - https://newsnationbharat.com/16456/
  - https://www.current-khabar.com/2024/08/2024_28.html

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024

## सतर्कता जागरुकता अभियान को लेकर निबंध प्रतियोगिता

**कथारा।** कथारा क्षेत्र के राजेंद्र हाई स्कूल में सतर्कता जागरुकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के बीच भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरुकता फैलाना और ईमानदारी के मूल्यों को प्रोत्साहित करना था. निबंध लेखन के लिए तीन विषय दिए गए थे , जिन विषयों में भ्रष्टाचार हमारे समाज की सबसे बड़ी चुनौती तथा ईमानदारी व्यक्तित्व की सबसे बड़ी संपत्ति और युवा पीढ़ी का भ्रष्टाचार के खिलाफ योगदान शामिल थे. छात्रों को इन तीनों विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखने का विकल्प दिया गया. प्रतियोगिता में कुल 120 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल थे. कार्यक्रम की सफलता में कमल किशोर गुप्ता, संजय कुमार सिंह, प्रधानाचार्य, राजेंद्र हाई स्कूल का महत्वपूर्ण योगदान रहा. सबा मकदूम, अमित टोप्पो और विक्रम कुमार ने आयोजन में विशेष सहायता प्रदान की. इस आयोजन के दौरान छात्रों को निबंध लेखन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए.

*Figure 25: राजेंद्र हाई स्कूल में निबंध प्रतियोगिता*

## राजेंद्र हाई स्कूल में सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



जारंगडीह। कथारा क्षेत्र के राजेंद्र हाई स्कूल में सतर्कताजागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत एक निबंध प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के बीच भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता फैलाना और ईमानदारी के मूल्यों को प्रोत्साहित करना था। निबंध लेखन के लिए तीन विषय दिए गए थे। .भ्रष्टाचाररू हमारे समाज की सबसे बड़ी चुनौती, दूसरा ईमानदारी व्यक्तित्व की सबसे बड़ी संपति और तीसरा 'युवा पीढ़ी का भ्रष्टाचार के खिलाफ योगदान' छात्रों को इन तीनों विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखने का विकल्प दिया गया। प्रतियोगिता में कुल 120 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल थे। सबा मकदूम, अमित टोप्पो और विक्रम कुमार ने आयोजन में विशेष सहायता प्रदान की। इस आयोजन के दौरान छात्रों को न केवल निबंध लेखन के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए बल्कि सतर्कता जागरूकता अभियान के महत्व और उद्देश्य के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर केंद्रीय सतर्कता आयोग सीबीसी, सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी और कथारा के महाप्रबंधक का संदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष में युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया और उन्हें ईमानदारी की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह, शिक्षक कमल किशोर गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा।

*Figure 27: राजेंद्र हाई स्कूल में निबंध प्रतियोगिता*

## News In Brief

### Essay competition under vigilance awareness campaign in Rajendra High School

**Bermo:** An essay competition was organized under vigilance awareness campaign in Rajendra High School of Jarangdih Kathara area. The objective of this competition was to spread awareness against corruption among students and encourage the values ??of honesty. Three topics were given for essay writing: 1. Corruption: The biggest challenge of our society"*2. Honesty: The biggest asset of personality 3. *Contribution of young generation against corruption" Students were given the option to write essay on any one of these three topics. A total of 120 students participated in the competition. Saba Makdoom, Amit Toppo and Vikram Kumar provided special assistance in organizing the event. On this occasion, the message of the Chief Vigilance Officer of Central Vigilance Commission CBC, CCL and General Manager of Kathara laid special emphasis on the role of youth in the fight against corruption. Principal Sanjay Kumar Singh, teacher Kamal Kishore Gupta made a commendable contribution in the program.

*Figure 26*

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024

- खेल और सत्यनिष्ठा का संगम: राष्ट्रीय खेल दिवस और सतर्कता जागरूकता अभियान का भव्य आयोजन
  - https://newsnationbharat.com/16532/
  - https://www.current-khabar.com/2024/08/2024_29.html
  - https://jagatprahari.com/national-sports-day-and-vigilance-awareness-campaign-organized-in-kb-college/

## राष्ट्रीय खेल दिवस व सतर्कता जागरूकता अभियान का आयोजन



**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**बेरमो।** राष्ट्रीय खेल दिवस और सतर्कता जागरूकता अभियान के अवसर पर केबी कॉलेज, बेरमो में गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन किया। बीबीए सभागार में राष्ट्रीय खेल दिवस की शुरूआत स्वर्गीय मेजर ध्यानचंद्र जी की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने की और उन्होंने इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद्र के योगदानों को याद किया। अलावा, केबी कॉलेज, बेरमो में सी सी एल, कथारा क्षेत्र के साथ संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में डॉ. प्रभाकर कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के महत्व पर जोर दिया। डॉ. प्रभाकर ने छात्रों को इस अभियान में राष्ट्रीय खेल दिवस और सतर्कता जागरूकता अभियान से संबंधित महत्वपूर्ण संदेश और प्रेरणा प्रदान की,। संचालन डा प्रभाकर कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डा अरुण कुमार रॉय महतो ने किया।कार्यक्रम में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति, खेल पदाधिकारी डा साजन भारती, कोर्डिनेटर डा अरुण कुमार रॉय महतो, एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर डा प्रभाकर कुमार, प्रो संजय कुमार दास, प्रो सुनीता कुमारी, रविंद्र कुमार दास, सदन राम, मो साजिद, दीपक कुमार राय, शिव चन्द्र झा, समेत छात्र छात्राएं व एन एस एस के स्वयं सेवकों की उपस्थिति रही।

*Figure 28: : राष्ट्रीय खेल दिवस और सतर्कता जागरूकता अभियान का भव्य आयोजन*

## National Sports Day and Vigilance Awareness Campaign organized in KB College



**DN ■ Bermo**

On the occasion of National Sports Day and Vigilance Awareness Campaign, a program was organized on Thursday in KB College, Bermo. National Sports Day was started in the BBA auditorium by paying tribute to the picture of late Major Dhyanchand ji. The program was presided over by Principal Lakshmi Narayan and he remembered the contributions of Major Dhyanchand on this occasion. Apart from this, in the main program organized in joint aegis with CCL, Kathara area in KB College, Bermo, Dr. Prabhakar Kumar addressed the students and emphasized the importance of honesty and integrity. Dr. Prabhakar provided important messages and inspiration to the students related to National Sports Day and Vigilance Awareness Campaign in this campaign. The programme was conducted by Dr. Prabhakar Kumar and the vote of thanks was given by Dr. Arun.

*Figure 29: राष्ट्रीय खेल दिवस और सतर्कता जागरूकता अभियान का भव्य आयोजन*

## केबी कालेज में खेल का महत्व बताया

संवाद सहयोगी, जागरण• कथारा जारंगडीह स्थित केबी कालेज में गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस और सतर्कता जागरूकता अभियान पर कार्यक्रम हुआ। बीबीए सभागार में राष्ट्रीय खेल दिवस की शुरुआत स्व. मेजर ध्यानचंद्र की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण राय ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस की शुरुआत 2012 में हुई थी और यह हाकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद्र के जन्मदिन पर मनाया जाता है।

सीसीएल कथारा क्षेत्र के साथ संयुक्त तत्वाधान में सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों ने सतर्कता जागरूकता मार्च में भाग लिया और सतर्कता से संबंधित संदेशों को फैलाया। कालेज के कान्फ्रेंस हाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में डा. प्रभाकर कुमार ने ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के महत्व पर जोर दिया। बताया कि सतर्कता जागरूकता अभियान का उद्देश्य भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता फैलाना और एक सशक्त समाज की स्थापना करना है। खेल पदाधिकारी डा. साजन भारती, डा. अरुण कुमार राय महतो, डा. प्रभाकर कुमार, प्रो. संजय कुमार दास, प्रो. सुनीता कुमारी, रविंद्र कुमार दास, सदन राम, मो. साजिद, दीपक राय, शिव चन्द्र झा, बालेश्वर यादव आदि उपस्थित थे।



केबी कालेज में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन• जागरण

### प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता दो सितंबर से होगा शुरू

जासं, बोकारो : बोकारो जिला के सभी सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए प्रखंड व जिला स्तर पर खेलो झारखंड के तहत कबड्डी, खो-खो, वालीबाल, शतरंज, योगासन, तीरंदाजी व एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में दो से सात सितंबर तक प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

*Figure 30: राष्ट्रीय खेल दिवस और सतर्कता जागरूकता अभियान का भव्य आयोजन*

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024

➢ सत्यनिष्ठा की दिशा में कदम: नेहरू स्मारक विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता



नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता

कथारा. सीसीएल कथारा क्षेत्र अंतर्गत नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय, स्वांग में शुक्रवार को सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. 'भ्रष्टाचार : हमारे समाज की सबसे बड़ी चुनौती' विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में गंगा, कोनार, कोयल व शंख हाउस के 52 विद्यार्थियों ने भाग लिया. विजेताओं को क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा बाद में सम्मानित किया जायेगा. मौके पर सीएसआर उप प्रबंधक चंदन कुमार, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

*Figure 31: नेहरू स्मारक विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता*

## सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

कथारा। सीसीएल कथारा क्षेत्र के द्वारा संचालित सतर्कता जागरुकता अभियान के तहत 30 अगस्त, शुक्रवार को नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन से पहले, 27 अगस्त 2024 को विद्यालय का दौरा  चंदन कुमार, नोडल अधिकारी (टॉ 2024) और उप प्रबंधक (ब्) द्वारा किया गया था, जिसके तहत  छात्रों के लिए एक कार्यशाला आयोजित कर प्रभावी लेखन कौशल पर मार्गदर्शन प्रदान कर  सतर्कता जागरूकता अभियान के बारे में जागरूकता उत्पन्न की गई थी। इस कार्यशाला के बाद, छात्रों को तैयारी करने के लिए तीन दिनों का समय दिया गया था, जिसके बाद 30 अगस्त को "भ्रष्टाचार: हमारे समाज की सबसे बड़ी चुनौती" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चार हाउस – गंगा हाउस, कोनार हाउस, कोयल हाउस और शंख हाउस से कुल 52 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को भ्रष्टाचार के गंभीर प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उनके विच. ारों को स्पष्ट और प्रभावी ढंग से व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना था। मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा हमारे विद्यार्थियों को इस चुनौती को समझने और इसे समाप्त करने के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है।  सीसीएल कथारा क्षेत्रीय नोडल अधिकारी चंदन कुमार ने कहा कि इस प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा और उनके प्रयासों की सराहना जाएगी । आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद दिया गया।

*Figure 32: नेहरू स्मारक विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता*